महिला सशक्तिकरण की दिशा में शक्ति सारथी अभिनव पहल : मंत्री उइके

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति सारथी के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शक्ति सारथी वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल है। जिसके माध्यम से हमारी बेटियां वाहन चालक का प्रशिक्षण प्राप्त कर वाहन चला सकेंगे। महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में उक्त कार्य के लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आईटीआई और महाविद्यालय का प्रमुख योगदान है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके बुधवार को जिला योजना भवन में आयोजित शक्ति सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में मंत्री जी को पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शक्ति सारथी छायाचित्र का विमोचन किया गया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि हमारी बेटियाँ वाहन चालक का प्रशिक्षण कर ड्राईविंग लायसेंस प्राप्त करेंगी। जिससे वे स्वतंत्र रूप से वाहन चला सकें। हमारी बेटियों के लिए वाहन चलाना रोजगार का एक माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियाँ उक्त प्रशिक्षण के माध्यम से

वाहन चलाने के नियम, सड़कों के सांकेतिक चिन्ह को आसानी से समझ सकेंगी। जिससे वाहन चलाने पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना या यातायात नियमों के उल्लंघन की संभावना नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियाँ वाहन चालक का प्रशिक्षण लेकर स्वयं का वाहन, ट्रेक्टर या कान्हा नेशनल पार्क में जिप्सी चलाकर स्वयं का रोजगार स्थापित करेंगी। इसके लिए शासन द्वारा उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि हमारी बेटियां इस प्रशिक्षण को गंभीरता से सीखें, यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त करें, जिससे वे बेहतर वाहन चालक बन सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अब तक दस अभिनव पहल प्रारंभ किए गए हैं। जिसमें शक्ति सारथी वाहन चालन प्रशिक्षण अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिले के विकास और प्रगति के लिए जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न अभिनव पहल किए जा रहे हैं। जिसका लाभ जिले के नागरिकों और हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के माध्यम से जिलेवासियों को सस्ते दर पर दवाईयाँ और उपकरण प्राप्त हो रहे हैं। जिले के नागरिक निरोग व स्वस्थ रहें इसके लिए मंडला जन आरोग्यम शिविर प्रारंभ किया गया है। जन आरोग्यम शिविर में ग्राम पंचायतों के नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार कर नि:शुल्क दवाईयाँ दी जा रही हैं। इन स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न प्रकार की जांच भी की जा रही है। जिससे गंभीर रोगों का समय में पहचान कर उनका उपचार किया जा सके। जन आरोग्यम शिविर में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई अपराजिता अभियान के अंतर्गत छात्राओं को जूडो-कराटे सिखाए जा रहे हैं, जिससे वे संकट के समय में आत्मरक्षा कर सकें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि इसी प्रकार से जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न अभिनव नवाचार प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने उक्त नवाचारों को सफल बनाने पर जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आगे आकर लाभ उठाएं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इस अवसर पर ड्राईविंग लायसेंस का भी वितरण किया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि वर्तमान युग में महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। इसलिए आईटीआई और कॉलेज की 18 से 25 वर्ष की आयु की छात्राओं को परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में बताया जाएगा जिससे उन्हें वाहन चलाने में सुविधा होगी और दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि छात्राओं को उक्त लायसेंस नि:शुल्क दिया जाएगा। जिससे छात्राओं को उनकी पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार से भी जोड़ा जा सके। छात्राओं को वाहन हेतु बैंकों से लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्री और सांसद ने शक्ति सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मण्डला,देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बुधवार को जिला योजना भवन में वाहन चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु प्रारंभ की गई अभिनव पहल शक्ति सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद थी।

सार-समाचार

मंत्री और सांसद ने रेवांचल पार्क का लोकार्पण किया

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बुधवार को रानी दुर्गावती स्मारक स्थल के समीप स्थित रेवांचल पार्क का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर रेवांचल पार्क का अवलोकन भी किया। रेवांचल पार्क में वाटर फॉल, सोफा एवं बच्चों के लिए खेल सामाग्री लगाने के निर्देश दिए गए।

जिससे रेवांचल पार्क में शहर के नागरिक सुकून के पल बिता सकें और बच्चे खेल सामाग्री या उपकरण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के खेल खेल सकें। उन्होंने रेवांचल पार्क में नियमित रूप से साफ-सफाई और देखरेख करने के निर्देश दिए। जिससे रेवांचल पार्क में आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा न हो सके। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीम सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद थी।

फसल अवशेषों को खेतों में जलाया जाना प्रतिबंधित

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा नरवाई जलाने वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

जिले में रबी फसल के अन्तर्गत बोई जाने वाली फसलों की कटाई के पश्चात किसानों के द्वारा नरवाई (फसलों के अवशेषों) जला दी जाती है जिसके कारण भूमि में उपलब्ध जैव विविधिता समाप्त हो जाती है। भूमि की ऊपरी परत में पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो आग लगने के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। साथ ही नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। भारत सरकार द्वारा खेतों में फसल अवशेष नरवाई जलाने की घटनाओं की मॉनिटरिंग सेटेलाईट के माध्यम से की जा रही है। प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाएं मुख्यत: गेहूँ की फसल कटाई के बाद होती है जो लगातार बढ़ती जा रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के क्रम में फसलों की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने से प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण विभाग के नोटिफिकेशन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं जिसके अन्तर्गत नरवाई जलाने की घटनाओं पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है जिसमें 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना पर दो से पांच एकड़ तक 5 हजार प्रति घटना पर एवं 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक मंडला में पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने की व्यवस्था

मंडला, देशबन्धु। भारतीय स्टेट बैंक मण्डला के मुख्य शाखा प्रबंधक रत्नेश सिंघई के द्वारा पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते समय आने वाली परेशानियों को देखते हुये उनके द्वारा मुख्य कांउटर के अतिरिक्त दो कांउटर और खोले गये हैं, जिससे पेंशनर्स को सहज रूप से प्रमाण पत्र जमा करना संभव हो सका। इसके साथ ही मोबाईल में तत्काल फार्म स्वीकृति का मेसेज भी प्राप्त हो रहा है। इस कार्य हेतु बैंक द्वारा प्रति जीवित प्रमाण पत्र के लिए पचास रूपया कम्प्यूटर ऑपरेटर को भुगतान किया जा रहा है।

प्रोग्रेसिस पेंशनर्स एसोसिएशन के उपप्रांताध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन, संभागीय सचिव बी.पी. वरकड़े व तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चैरसिया ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुये बैंक पहुंच कर वरिष्ठ प्रबंधक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये पेंशनरों के हित में की गई इस व्यवस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरदहा समाज का मिलन सम्मेलन और सम्मान समारोह तय

हरदहा महासभा की आवश्यक बैठक आयोजित

मंडला, देशबन्धु। काछी (हरदहा) समाज महासभा की जिला स्तरीय आवश्यक बैठक हरदहा पंचायत भवन बम्हनी बंजर कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें हरदहा समाज का मिलन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 05ध01ध2025 को किया जाना प्रस्तावित किया गया है ।

बैठक में लिये गये निर्णय में प्रतिभावान छात्र छात्रों जो वर्ष 20023दृ24 में शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सबसे अधिक अंक - प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले, पीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त, नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेशित, जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष में प्रवेशित, खेल के क्षेत्र में ऐसे प्रतियोगी जो राज्य स्तर या उच्च स्तर पर खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले,कृषि के क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा चयनित या सम्मानित किया गया हो, समाज के 75 वर्ष या इससे अधिक उम्र के वृद्धों को आधार कार्ड के आधार पर उम्र तय कर सम्मानित किया जानें एवं अन्य विषयों पर चर्चा

की गई। बैंठक में महासभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार हरदहा, संरक्षक गणेश हरदहा, संरक्षक गोपाल हरदहा, कोषाध्यक्ष (कार्यवाहक सचिव) नरोत्तम हरदहा उपाध्यक्ष ठुत्रू लाल हरदहा, सुनील हरदहा लफराबम्हनी, डॉ.अनिल हरदहा,अरविंद हरदहा,बम्हनी बंजर इकाई के अध्यक्ष महेन्द्र हरदहा (लल्ला),श्रीमती शारदा राजाराम हरदहा,वार्ड मेम्बर जगदीश हरदहा, सुरेन्द हरदहा, मानसिंह हरदहा,दिलीप कुमार,राजेश हरदहा, तारेन्द कुमार हरदहा,मुन्ना लाल हरदहा, मिही लाल हरदहा, शिवनारायण, वीरनारायण हरदहा आदि उपस्थित रहे।

बुलडोजर की कार्रवाई गैरकानूनी व असवैधानिक

बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ ने किया फैसले का स्वागत

मण्डला,देशबन्धु। आरोपी या फिर गुनहगार के घर को सिर्फ इस आधार पर नहीं गिराया जा सकता कि संबंधित व्यक्ति की आपराधिक पृष्ठभूमि है। इस तरह की कार्रवाई गैरकानूनी और असंवैधानिक है।

कोर्ट ने कहा की कार्यपालिका यह नहीं तय कर सकती है कि कौन दोषी है और वह जज बनकर ये फैसला नहीं कर सकती कि वह दोषी है या नहींय इस तरह की कार्रवाई लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित नहीं कर सकती। केवल आरोप के आधार पर यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर तोड़ती है, तो यह कानून के शासन के बुनियादी सिद्धांत पर प्रहार करेगा। कार्यपालिका जज नहीं बन सकती

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब किसी विशेष संरचना को अचानक से ध्वस्त करने के लिए चुना जाता है, और उसी प्रकार की बाकी संपत्तियों को नहीं छुआ जाता, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि असली उद्देश्य कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि बिना सुनवाई के दंडित करना था सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि बुलडोजर की कार्रवाई आरोपी या दोषी के परिवार को 'सामूहिक दंड' देने जैसा है। और जब प्रॉपर्टी को सिलेक्टिव आधार को ध्वस्त किया जाए तो कार्रवाई दुर्भावना की ही लगती

किसी भी गाइडलाइन के उल्लंघन से अवमानना कार्यवाही शुरू की जाएगी और अधिकारियों को ध्वस्त की गई संपत्ति के लिए व्यक्तिगत खर्च पर पुनर्निर्माण के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा, साथ ही हर्जाने का भुगतान भी करना होगा।अगर अतिक्रमण का सवाल है तो नोटिस देकर पंद्रह दिन का समय देना होगा। उसके बाद अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा सकता है।पंद्रह दिन समय देने का आशय यह है कि वयक्ति अपना पक्ष नोटिस जारी करने वाले अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, अथवा न्यायालय का शरण ले सकता है। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले का बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ स्वागत करता है और पूर्व में अवैध तरीके से गिराए गए घरों को बनाने के लिए राज्य सरकार आर्थिक मदद दे।

अनुशासन,नेतृत्व और देश भक्ति का प्रशिक्षण केंद है एनसीसी

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शिक्षा परिसर में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझौरा में बुधवार को जबलपुर एनसीसी ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर ए. जी. बरबरे के मुख्य आतिथ्य,कर्नल विक्रांत त्यागी की अध्यक्षता एवं नायब सूबेदार निर्मल जायसवाल,बीईओ बिछिया कुलदीप कटहल के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारम्भ किया गया।जिसमें इस शैक्षिणिक सत्र हेतु 50 विद्यर्थियों जिसमे 26 छात्र एवं 24 छात्राओं को शामिल कर एनसीसी का प्रारम्भ किया गया।कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के तेलीय चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की। संस्था की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का सम्मान किया।एकलव्य प्राचार्य द्विय ने अतिथियों के स्वगात में उन्हें अंग वस्त्र एव आदिवासी संस्कृति से जुड़े हुए प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किये।

ततपश्चात संस्था के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमो के साथ अपने क्षेत्रीय नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी।ततदोउपरांत संस्था के प्राचार्य आत्मजीत सिंह ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन मे अनुशासन,चरित्र निर्माण ,भाईचारा,साहस की भावना एव निश्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इतना ही नही इसका उद्देश्य उन युवाओं में नेतृत्व के गुणों को जगाना भी है।चाहे वो किसी भी क्षेत्र में रहे।वही प्राचार्य सुश्री पूनम सिंघल ने विद्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण कड़ी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझौरा में एनसीसी इकाई का हुआ शुभारंभ

है।निश्चित ही सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठाकर अपने जीवन मे नए आयाम स्थापित करेंगे।

बीईओ कुलदीप कटहल ने भी सभी विद्यर्थियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि ये बहुत ही गौरव का विषय है कि आपकी संस्था में आज एनसीसी का शुभारंभ हो रहा है जिसका आप सभी को फायदा मिलेगा।ये संस्था के लिए बड़ी उपलब्धि है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर 1 एमपी आर्टी रेजिमेंट जबलपुर ब्रिगेडियर ए. जी.बरबरे ने विद्यार्थीओ को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी एक ऐसा मंच है जहाँ युवाओ को अनुशासन ,नेतृत्व और देश भक्ति का प्रशिक्षण मिलता है उन्होंने विद्यार्थियों से सच्चे देश भक्त बनने एव राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि एसीसी कैडेट्स देश के लिए एक आदर्श है।अंत मे ग्रुप कमांडर ने विद्यालय को एनसीसी का औपचारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के एनसीसी प्रभारी छबि कुमार चौधरी ने किया। साथ समस्त शाला परिवार उपस्तिथ रहा।

अपहरण व मारपीट के जुर्म में दो दोषियों को तीन साल की सजा

डिंडोरी, देशबन्धु । मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि थाना डिंडोरी के अप0क्र0 392/2021 सत्र प्रकरण क्रमांक 62/2021 के आरोपी 1. भूरा उर्फ मुबीन पिता मोहम्मद खान उम्र 52 वर्ष निवासी बुखारका थाना नगीना तह रोजपुर जिला मुहू गुडगांव हरियाणा, 2. इलियास पिता मुसरु उम्र 48 वर्ष निवासी गुन्डवास थाना हसनपुर जिला पलवन हरियाणा को अपहरण करने, गाली गलौंच करने तथा मारपीट करने के मामले में न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दोनों आरोपियों को धारा 323/34 के अपराध के लिए 01-01 वर्ष सश्रम कारावास एवं धारा 365 भादवि के अपराध के लिए 03-03 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000-1000 का अर्थदण्ड के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मै करीब तीन महिनों से अपने लडका ईमतीयाज के साथ रहकर जे0सी0बी0 चलाता हू मैंने जे0सी0बी0 क्रमांक एच0आर0 73 9013 जेसीबी मालिक के पास ड्रायवरी करता हू कि उक्त जे0सीबी क्रमांक एच0आर0 73 9013 को लेकर तीन माह पूर्व काम करने के लिए जिला डिण्डौरी आकर ग्राम विझौरी में रहकर जे0सी0बी0 से खेत का मेढ बांध का काम कर रहा था कि दिनांक 03/05/2021 के करीबन 05/00 बजे काम करके जेसीबी को लेकर घर के सामने खडा किया।

जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिताओं में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिछिया ने जीती बाजी

भुआ बिछिया। मंडला में आयोजित बुधवार को बाल रंग 2024-25 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आज नृत्य नाटिका में अंजलि उइके समूह, संस्कृत वेदपाठ में प्रेरणा मिश्रा, स्वरचित नज़्म अंकिता परतें, प्रश्न मंच में अंकिता परतें -लक्ष्मी तेकाम, तात्कालिक भाषण में जया परतें, लोकगीत में गायत्री धुर्वे , स्वरचित काव्य पाठ एवं साहित्यिक निबंध में अराधना यादव, संस्कृत निबंध में कविता छांटा, स्वरचित काव्य पाठ में कुमकुम आमवंशी छात्रा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य वीरेंद्र परतेती के निर्देशन में एवं शिक्षिका अर्चना उइके, जस्सी पैकवार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनकों संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई।

गौरव दिवस के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 14 एवं 15 नवंबर 2024 को आयोजित होने वाले मंडला गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग श्री संतोष शुक्ला को सहायक नोडल और पीओ जिला पंचायत श्री कपिल तिवारी को कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक 14 नवंबर को वाकाथान का आयोजन प्रात: 8 बजे से प्रात: 8:30 बजे तक पुलिस ग्राउंड स्टेडियम में संपन्न होगा। जुम्बा का आयोजन प्रात: 8:30 बजे से प्रात: 9 बजे तक स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगा। जनजाति ओलम्पिक स्थानीय खेल खो-खो, पिट्ठू, गिल्ली-डंडा और रस्सा-कसी प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न होगा। हस्ताक्षर अभियान, वॉलपेंटिंग और गोंड़ीपेंटिंग का आयोजन व प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से सायंकाल 5 बजे तक कलाविथिका में संपन्न

होगा। नर्मदा पंचचैकी महाआरती और दीपदान सायंकाल 6:30 बजे से सायंकाल 7:30 बजे तक माहिष्मती घाट में संपन्न होगा। फ्लेश मोब डांस, आरडी कॉलेज मंडला, सरदार पटेल कॉलेज मंडला, गर्ल्स कॉलेज मंडला सांयकाल 7:30 बजे से रात्रि 8 जे तक माहिष्मती घाट में संपन्न होगा।

15 नवंबर को गौरव दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम - कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने 15 नवंबर 2024 को आयोजित होने वाले गौरव दिवस कार्यक्रम के आयोजन और स्थानों का चयन कर लिया है। जिसके तहत स्थानीय जनजातीय करमा, सैला नृत्य एवं गायन प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक सेमरखापा खेल मैदान में संपन्न होगा। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कृष्ट अभियान एवं बिरसामुंडा जीवनदर्शन पर नाट्यमंचन प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेमरखापा ऑडिटोरियम में संपन्न होगा।